Dated- 10.11.2022

प्रेस विज्ञप्ति

रेलटेल ने अपनी वित्त वर्ष 22-23 की दूसरी तिमाही में रू.440 करोड़ कंपनी की समेकित आय दर्ज की। समेकित आय में 14% Q-O-Q की वृद्धि की।

रेलटेल ने आय के साथ-साथ लाभ दोनों में वृद्धि दर्ज की है, जिसमें FY23 में Q1 की तुलना में Q2 में आय में 14% की वृद्धि हुई है और Q1 की तुलना में Q2 में PAT में 112% की वृद्धि दर्ज की गई है: श्री संजय कुमार , अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक , रेलटेल ।

****

रेलटेल ने 10.11.2022 को आयोजित 136वीं बोर्ड बैठक में वित्त वर्ष 22-23 की दूसरी तिमाही में 440 करोड़ रुपये की समेकित आय की घोषणा की। यह वित्त वर्ष 22-23 की पहली तिमाही की 385 करोड़ रुपये की समेकित आय पर 14% की वृद्धि है। 30/09/2022 को समाप्त छमाही के लिए समेकित आय 825 करोड़ रुपये है, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में 696 करोड़ रुपये की आय थी।

रेलटेल ने वित्त वर्ष 2022-2023 की दूसरी तिमाही में 74 करोड़ रुपये का समेकित कर पूर्व लाभ और 55 करोड़ रुपये का कर पश्चात लाभ दर्ज किया है, जबकि वित्त वर्ष 2022-2023 की पहली तिमाही में यह 35 करोड़ रुपये पीबीटी और 26 करोड़ रुपये का पीएटी था। वित्त वर्ष 22-23 की पहली तिमाही की तुलना में कर पूर्व लाभ में 111% की वृद्धि और कर पश्चात लाभ में 112% की वृद्धि हुई ।

परिणामों के बारे में रेलटेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री संजय कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त की कि रेलटेल ने आय के साथ-साथ लाभ दोनों में वृद्धि दर्ज की है, जिसमें FY23 में Q1 की तुलना में Q2 में आय में 14% की वृद्धि हुई है और Q1 की तुलना में Q2 में PAT में 112% की वृद्धि दर्ज की गई है। मैं सभी हितधारकों को हमारी कंपनी में उनके विश्वास के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।

रेलटेल के बारे में:

रेलटेल, रेल मंत्रालय के अधीन एक "मिनी रत्न (श्रेणी- I)" केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, जो देश के सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार अवसंरचना प्रदाताओं में से एक है, और आईसीटी समाधान और सेवा प्रदाता है, जिसके पास देश के कई कस्बों, शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को कॅवर करने वाला एक अखिल भारतीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क है। ऑप्टिक फाइबर के 61000 से अधिक मार्गकिलोमीटर के एक सुदृढ़ विश्वसनीय नेटवर्क के साथ, रेलटेल के पास दो इलैक्टॉलिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के पैनल वाले टियर III डेटा सेंटर भी हैं। अपने अखिल भारतीय उच्च क्षमता नेटवर्क के साथ, रेलटेल विभिन्न फ्रंटों पर एक नॉलेज सोसाइटी बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है और इसे दूरसंचार क्षेत्र में भारत सरकार की विभिन्न मिशन-मोड परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए चुना गया है। रेलटेल एमपीएलएस-वीपीएन, टेलीप्रेजेंस, लीज्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डाटा सेंटर सेवाएं आदि जैसी सेवाओं का एक समूह उपलब्ध कराता है। रेलटेल देशभर के रेलवे

स्टेशनों पर सार्वजनिक वाई-फाई उपलब्ध कराकर रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में परिवर्तित करने के लिए भारतीय रेलों के साथ भी कार्य कर रहा है और कुल 6100 स्टेशन रेलटेल के रेलवॉयर वाई-फाई के साथ लाइव हैं।

अधिक जानकारी के लिए:

sucharita@railtelindia.com